# प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
# आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 21.12.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

---

## मुख्य समाचार :–

1. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज विकसित भारत–जी राम जी विधेयक–2025 को दी मंजूरी : अधिनियम से रोजगार की वैधानिक गारंटी 125 दिनों तक बढ़ी।
2. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में युवा सहकार सम्मेलन एवं यूपी को–ऑपरेटिव एक्सपो–2025 का किया शुभारंभ : कहा– लघु एवं सीमांत किसानों को छह प्रतिशत की ब्याज दर पर एलडीबी के माध्यम से मिलेगा ऋण।
3. केन्द्रीय विधि एवं न्याय राज्यमंत्री अर्जुनराम मेघवाल आयकर अपीलीय अधिकरण की लखनऊ पीठ के रजत जयंती समारोह में हुये शामिल : आयकर अधिनियम 1961 में संशोधन के बाद बने अधिनियम के लिए लोगों से मांगे सुझाव।

और

4. प्रदेश भर में कोहरे और ठंड का प्रकोप जारी : मौसम विभाग ने कल राज्य के कई जिलों में अत्यंत घने कोहरे का ऑरेंज अलर्ट किया जारी।

---

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने विकसित भारत–रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन–ग्रामीण विकसित भारत–जी राम जी बिल, 2025 को मंजूरी दे दी है। संसद ने इसे शीतकालीन सत्र के दौरान पास किया था। यह एक्ट ग्रामीण परिवारों के लिए हर वित्तीय वर्ष में वैधानिक मज़दूरी रोज़गार गारंटी को 125 दिन तक बढ़ाता है। ग्रामीण विकास मंत्रालय ने बताया कि यह ग्रामीण रोज़गार नीति में बदलाव की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। विकसित भारत–जी राम जी एक्ट महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोज़गार गारंटी एक्ट–मनरेगा 2005 की जगह लाया गया है। प्रदेश के किसानों और ग्रामीणों ने इस एक्ट का स्वागत किया है। जौनपुर जिले के किसान राजेश सिंह ने कहा कि इससे रोजगार के ज्यादा अवसर उपलब्ध होंगे और ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। बाइट...

*इस बिल के पास हो जाने से हमारे ग्रामीण क्षेत्र में हमारे श्रमिकों में हमारे मजदूरों में अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। उन्हें आत्मनिर्भर बनने का पूरा मौका मिलेगा। जहां पहले 100 दिन का रोजगार मिलता था। अब 125 दिन का रोजगार मिलेगा। जहां पहले दैनिक मजदूरी ₹250 हुआ करती थी। अब यह बढ़कर 400 हो गया है। निश्चित रूप से इससे हमारे श्रमिकों में आत्मनिर्भरता बढ़ेगी।*

——————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में युवा सहकार सम्मेलन एवं यूपी को–ऑपरेटिव एक्सपो–2025 का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से सहकारिता

के मजबूती की दिशा में कई कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि जिला सहकारी बैंक लाभांश की स्थिति में हैं। मुख्यमंत्री ने लघु एवं सीमांत किसानों को बड़ी सौगात दते हुए कहा कि कृषक समृद्धि योजना के अंतर्गत लघु एवं सीमांत किसानों को छह प्रतिशत की ब्याज दर पर एलडीबी के माध्यम से ऋण उपलब्ध कराया जायेगा, शेष योगदान राज्य सरकार की ओर से किया जाएगा। बाइट....

*वन डिस्ट्रिक्ट वन कोऑपरेटिव बैंक की दिशा में उत्तर प्रदेश आगे बढ़ रहा है और इसको हमें आगे बढ़ाना चाहिए क्योंकि यह आज की आवश्यकता है और उस दिशा में प्रदेश सरकार ने तेजी के साथ कदम बढ़ाए हैं। यह हमारे लिए इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि हमें वित्तीय समावेशन की दिशा से जितने भी फाइनेंशियल इंक्लूजन है, जितने भी केंद्र और राज्य सरकार की योजनाएं हैं, इन योजनाओं को प्रभावी रूप से क्रियान्वयन करने के लिए यह कार्य आगे बढ़ता है और स्थानीय स्तर पर युवाओं के लिए रोजगार की नई संभावनाओं को भी आगे बढ़ाया जा सकता है।*

इस अवसर पर सहकारिता के क्षेत्र में विशिष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित भी किया गया।

——————————

केन्द्रीय विधि और न्याय विभाग के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार अर्जुनराम मेघवाल आज आयकर अपीलीय अधिकरण लखनऊ पीठ की स्थापना के 25 वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में आयोजित रजत जयंती समारोह में शामिल हुये। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह संस्था दशकों से कर्जदाताओं को निष्पक्ष सुलभ और त्वरित न्याय प्रदान कर रही है। केन्द्रीय मंत्री ने अधिकरण की सराहना करते हुए

कहा कि ई–हियरिंग और वीडिया कांफ्रेंसिंग से दूर–दराज के कर–दाताओं को भी समय से न्याय उपलब्ध होगा। उन्होंने आयकर अधिनियम–1961 में संशोधन के बाद बने अधिनियम के लिये लोगों से सुझाव भी आमंत्रित किये, साथ ही वाराणसी और देहरादून स्थित आयकर की सर्किटपीठ को पूर्ण पीठ के रूप में परिवर्तित करने का आश्वासन भी दिया। बाइट....

*इनकम टैक्स एक्ट 1961 में हमने संशोधन करके उसके रूल्स बनने वाले हैं। तो उसमें आपको अभी भी लगता है कि कोई सुझाव की जरूरत है, कोई सजेशन पहुंचना चाहिए। तो मैं सही जगह पर सुझाव पहुंचा सकता हूं। वह लॉजिकल होना चाहिए सजेशन आपका। अगर ऐसा है कोई तो आप मुझे अभी दे सकते हैं। नहीं तो मेरे ईमेल एड्रेस पर मेरा पूरा नाम अर्जुन नाम मेघवाल एट द रेट ऑफ हउंपस.बवउ पर आप भिजवा भी सकते हैं।*

——————————

प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि उत्तर प्रदेश पहले बीमारू राज्य के रूप में जाना जाता था, आज प्रदेश का तेजी से विकास हो रहा है जिसमें कृषि क्षेत्र भी शामिल है। श्री शाही आज गौतमबुद्ध नगर के ग्रेटर नोएडा में इंडियन इकोनॉमिक एसोसिएशन और आईआईएलएम विश्वविद्यालय के सहयोग से आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। कृषि मंत्री ने बताया कि ग्लोबल समिट से उत्तर प्रदेश में बड़े स्तर पर निवेश आया है। बाइट....

*उत्तर प्रदेश के भीतर पिछले वर्षों में हम लोगों ने 70,000 करोड़ रुपए से ऊपर से ज्यादा हम है। किसानों के प्रेयर के लिए उनको कैसे वह अच्छे बीज लगा सके उसके लिए कैसे हम अपने राज्य का आच्छादन बढ़ा सके उस दृष्टि से*

*और इसी प्रकार आत्मनिर्भर भारत में जो खुशी का रोग है देश के भीतर हम खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भर हो चुके हैं।*

—————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं। ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ  पर भी सुन सकते हैं।

—————————

केन्द्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा है कि संडे ऑन साइकिल अब लोगों के बीच एक जुनून और संस्कृति बन गया है। संडे ऑन साइकिल कार्यक्रम की पहली वर्षगांठ पर डॉ. मांडविया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में इस पहल की शुरुआत फिटनेस को बढ़ावा देने और मोटापे से लड़ने के लिए की गई थी। इस अभियान के अंतर्गत आज वाराणसी में बनारस रेल इंजन कारखाना बरेका में आयाजित साइकिल रैली में कर्मचारियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया और लोगों को फिट इंडिया के संकल्प के साथ साइकिलिंग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संदेश दिया।

—————————

केंद्रीय राज्यमंत्री प्रोफ़ेसर एस.पी. सिंह बघेल ने आगरा में और केंद्रीय राज्यमंत्री बी०एल० वर्मा ने बदायूं जिले के उझानी में आज सांसद खेल स्पर्धा का शुभारंभ किया। आगरा में खेल स्पर्धा की शुरुआत विकसित भारत थीम पर आयोजित मिनी मैराथन के साथ हुई। केंद्रीय राज्य मंत्री एस पी सिंह बघेल ने बताया कि इस बार सांसद खेल स्पर्धा महोत्सव में 29 खेलो में पचास हज़ार खिलाडियों द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है, जिनमे से तीन हज़ार खिलाड़ी अन्य राज्यों से भी आ रहे है। स्पर्धा का समापन 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई की जयंती पर किया जाएगा।

———————

पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर 25 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लखनऊ में राष्ट्रीय प्रेरणा स्थल को राष्ट्र को समर्पित करेंगे। प्रधानमंत्री के लखनऊ आगमन और विशेष गहन पुरीक्षण–एसआईआर को लेकर आज लखनऊ स्थित भाजपा मुख्यालय पर बैठक आयोजित की गई, जिसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, राष्ट्रीय महासचिव तरूण चुघ, दोनों उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और बृजेश पाठक के साथ प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल मौजूद रहे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को ऐतिहासिक और सफल बनाने के लिए

तैयारियां की समीक्षा की गई। उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप निष्पक्ष, पारदर्शी और सटीक मतदाता सूची तैयार की जा रही है। श्री पाठक ने बताया कि 65 एकड़ क्षेत्र में राष्ट्रीय प्रेरणा स्थल का निर्माण किया गया है। बाइट....

*लगभग 65 एकड़ विस्तृत क्षेत्र में एक बड़े परिसर में राष्ट्रीय प्रेरणा स्थल का निर्माण किया गया है। वहां भारत रत्न पूज्य अटल बिहारी वाजपेई जी की एक बड़ी कांस्य प्रतिमा इसके अलावा श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी, पंडित देवदयाल उपाध्याय जी की एक बड़ी कांस्य प्रतिमा का लोकार्पण भी होगा और एक बड़ा रिसर्च सेंटर के रूप में डेवलप किया गया है उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा।*

———————————

प्रदेश की राजधानी लखनऊ सहित अधिकांश जिलों में आज सुबह भी घना कोहरा छाया रहा, हालांकि लखनऊ और आसपास के क्षेत्र में दोपहर 12 बजे के बाद हल्की धूप देखने को मिली। मौसम विभाग ने कल प्रदेश के कौशांबी, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, संत रविदास नगर, कानपुर नगर और रायबरेली जिलों में अत्यंत घना कोहरा का औरेंज अलर्ट जारी किया है। लखनऊ स्थित आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र ने पूर्वी जिलों के साथ तराई के जनपदों और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अधिकांश जिलों में भी कोहरे की संभावना व्यक्त की है।

———————————